# वन और क्षेत्राधिकार

## प्रलिम्सि के लयि:

वन और क्षेत्राधिकार, टी.एन. गोडावरमन थरिुमुल्कपाद बनाम भारत संघ नरि्णय, 42वाँ संशोधन अधनियिम, 1976, मौलकि कर्तव्य, वन संरक्षण अधनियिम, 1980, राज्य के नीतनिदिशक सद्धिांत।

## मेन्स के लयि:

वन और संबंधति कानून।

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **पर्यावरण, वन और जलवायु परविर्तन मंत्रालय** ने छत्तीसगढ़ को उसके वन वभिाग से राजस्व वभिाग को उचति प्रक्रयिा का पालन कयि बनिा भूमि के हस्तांतरण पर आपत्तजिताई है।

## पृष्ठभूमि

- मार्च, 2022 में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने अपने बजट भाषण में घोषणा की कि राज्य सरकार ने बस्तर क्षेत्र में रायपुर से बड़ा 300 वर्ग कलिोमीटर से अधकि क्षेत्र वन वभिाग से राजस्व वभिाग को हस्तांतरति कर दयिा है ताकि उद्योगों की स्थापना और बुनयिादी ढाँचे के नरि्माण के लयि भूमि की आसान उपलब्धता सुनश्चिति की जा सके।
- अगस्त, 2022 में केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय ने राज्य को भूमि के हस्तांतरण को रोकने का प्रयास यह कहते हुए कयिा कि यह **वन संरक्षण अधनियिम, 1980** और सर्वोच्च न्यायालय के कई आदेशों का उल्लंघन है, अतः पहले से हस्तांतरति भूमि को वापस कर दें।
- यह कदम अब बाधा बन गया है, जबकि राज्य के अन्य हस्सिों में अधकि भूमि स्थानांतरति करने के लयि कागजी कार्रवाई भी चल रही है।

## वन :

- **परचिय:**
  - वर्तमान में 'वन' की कोई स्पष्ट परभिाषा नहीं है जसि राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार कयिा गया हो।
  - राज्यों को वनों की अपनी परभिाषा नरि्धारति करने के लयि अधकिार दयिा गया है।
  - वर्ष 1996 से भूमि को वन के रूप में परभिाषति करने का वशिेषाधकिार राज्य का रहा है और इसकी उत्पत्त सिर्वोच्च न्यायालय के टी.एन. गोडावरमन थरिुमुल्कपाद बनाम भारतीय संघ (T.N. Godavarman Thirumulkpad vs the Union of India) नरि्णय के बाद हुई है।
    - इस नरि्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि 'वन' शब्द को इसके 'शब्दकोश के अर्थ' के अनुसार समझा जाना चाहयि।
    - इसमें सभी वैधानकि रूप से मान्यता प्राप्त वन शामलि हैं, चाहे उन्हें आरक्षति, संरक्षति या अवर्गीकृत श्रेणी के रूप में रखा गया हो।
- **संवैधानकि प्रावधान एवं क्षेत्राधकिार:**
  - जंगल' या 'वन' (Forests) भारतीय संवधिान की सातवीं अनूसूची में वर्णति **'समवर्ती सूची'** में सूचीबद्ध हैं।
  - **42वें संशोधन अधनियिम, 1976** के माध्यम से वन और वन्यजीवों तथा पक्षयिों के संरक्षण को राज्य सूची से समवर्ती सूची में स्थानांतरति कर दयिा गया।
  - भारतीय वन (IF) अधनियिम, 1927 के तहत अधसिूचति दो प्रकार के वनों पर राज्य के वन वभिागों का अधकिार क्षेत्र है: आरक्षति वन (RF), जहाँ नरि्दष्टि कयि जाने तक कसिी भी अधकिार की अनुमत निहीं है; और संरक्षति वन (PF), जहाँ नरि्दष्टि कयि जाने तक कोई अधकिार वर्जति नहीं है। कुछ वन, जैसे गाँव या नगरपालकिा वन, राज्य के राजस्व वभिागों द्वारा प्रबंधति कयि जाते हैं।
  - संवधिान के **अनुच्छेद 51A(g)** में कहा गया है कि वनों और वन्यजीवों सहति प्राकृतकि पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना प्रत्येक नागरकि का **मौलकि कर्तव्य** होगा।
  - **राज्य के नीतनिदिशक सद्धिांतों** के **अनुच्छेद 48A** में कहा गया है कि राज्य पर्यावरण की रक्षा और सुधार करने तथा देश के वनों एवं

वन्यजीवों की रक्षा करने का प्रयास करेगा।

## वन मंज़ूरी:

- **वन संरक्षण अधिनियम, 1980** सभी प्रकार के वनों पर लागू होता है, चाहे वह वन या राजस्व विभाग के नियंत्रण में हो और किसी भी गैर-वन उद्देश्य जैसे उद्योग, खनन या निर्माण के लिये वनों का उपयोग करने से पहले इसके लिये वैधानिक मंज़ूरी की आवश्यकता होती है।
  - एक अन्य प्रकार की मंज़ूरी, पर्यावरण मंज़ूरी एक लंबी प्रक्रिया है तथा एक निश्चित आकार से परे परियोजनाओं के लिये अनिवार्य है और इसमें अक्सर एक संभावित परियोजना का पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन और कभी-कभी सार्वजनिक सुनवाई शामिल होती है जिसमें स्थानीय लोग शामिल होते हैं जो परियोजना से प्रभावित हो सकते हैं।

## अनिर्धारित संरक्षित वन:

- अनिर्धारित संरक्षित वनों को **नारंगी क्षेत्र (Orange Area)** भी कहा जाता है, जो एक प्रशासनिक गतिरोध का परिणाम है और वर्ष 1951 में जमींदारी व्यवस्था के उन्मूलन के बाद से **राजस्व और वन विभागों के मध्य** विवाद का विषय बना हुआ है।
- **वन संरक्षण (FC) अधिनियम, वर्ष 1980** के तहत अनिर्धारित संरक्षित वनों का उपयोग **गैर-वन उद्देश्यों के लिये बिना मंज़ूरी के** नहीं किया जा सकता है।

## भारत के वनों को नियंत्रित करने वाली नीतियाँ:

- भारतीय वन नीति, 1952
- वन संरक्षण अधिनियम, 1980
- राष्ट्रीय वन नीति, 1988
- राष्ट्रीय वनरोपण कार्यक्रम
- वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972
- पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986
- जैव विविधता अधिनियम, 2002
- अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्षों के प्रश्न (PYQs)

प्रिलिम्स:

**प्रश्न. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय वन अधिनियम, 1927 में हाल में हुए संशोधन के अनुसार, वन निवासियों को वनक्षेत्रों में उगने वाले बाँस को काटने का अधिकार है।
2. अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पारंपरिक वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के अनुसार, बाँस एक गौण वनोपज है।
3. अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पारंपरिक वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006, वन निवासियों को गौण वनोपज के स्वामित्व की अनुमति देता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

- भारतीय वन (संशोधन) विधेयक 2017 गैर-वन क्षेत्रों में उगाए गए बाँस की कटाई और पारगमन की अनुमति देता है। हालाँकि, वन भूमि पर उगाए गए बाँस को पेड़ के रूप में वर्गीकृत किया जाना जारी रहेगा और मौजूदा कानूनी प्रतिबंधों द्वारा निर्देशित किया जाएगा। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006, बाँस को लघु वन उपज के रूप में मान्यता देता है और अनुसूचित जनजातियों और पारंपरिक वन निवासियों के साथ "स्वामित्व, लघु वन उपज के संग्रहण, उपयोग तथा निपटान के अधिकार" को निहित करता है। **अत: कथन 2 और 3 सही हैं।**

---

मेन्स:

**प्रश्न. अवैध खनन के परिणाम क्या हैं? कोयला खनन क्षेत्र के लिए पर्यावरण और वन मंत्रालय की "गो" और "नो गो" ज़ोन की अवधारणा पर चर्चा कीजिये। (2013)**

**प्रश्न. भारत के वन संसाधनों की स्थिति और जलवायु परिवर्तन पर इसके परिणामी प्रभावों की जाँच कीजिये। (2020)**

## स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/forests-and-jurisdictions